# प्रदेश कांग्रेस की बैठक में मॉब लिंचिंग समेत कई मुद्दों पर चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कांग्रेस की नई प्रदेश कार्यसमिति और जिला कमिटी के गठन के बाद पहली विस्तारित बैठक गुरुवार को रांची के लालगुटवा बैंक्वेट हॉल में हुई। बैठक का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे की उपस्थिति में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पार्टी का झंडा फहराकर किया। बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, बंधु तिर्की, पार्टी के विधायक, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित सभी प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव, प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ साथ जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, महिला कांग्रेस और अलग अलग प्रकोष्ठों के नेता मौजूद थे।




**रामगढ़ सीट पर दावा**

बैठक के बाद प्रभारी अविनाश पांडेय ने रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी की जीत का दावा किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, रामगढ़ सीट कांग्रेस पार्टी की है। यहां पर पार्टी का कार्यकर्ता उम्मीदवार होगा। साफ-सुथरी और मजबूत कार्यकर्ता को पार्टी टिकट देगी।

**देश और प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर हुई चर्चा : राजेश ठाकुर**

वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बैठक को अति महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारे लिए सबसे खुशी की बात यह है कि 6 साल बाद एक बार फिर प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही है। उन्होंने कहा कि बुधवार को पार्लियामेंट्री अफेयर्स कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा रामगढ़ की बैठक में हुई थी। रांची की बैठक में सरना धर्म कोड, पेशा कानून, वन को लेकर केंद्र की सरकार द्वारा बनाये गए उपकानून, नियोजन नीति सहित तमाम ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई और उसका समाधान कैसे हो इस पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन को मजबूत कैसे बनाया जाए, कैसे हम हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को राज्य में सफल बनाएंगे इसपर रणनीति बनाई गयी।

**पार्टी में असंतोष अस्वाभाविक नहीं**

राजेश ठाकुर ने माना कि राज्य में कांग्रेस के अंदर कुछ असंतोष भी है लेकिन वह अस्वभाविक नहीं है। उन्होंने कहा कि जब संगठन मजबूत और क्रियाशील रहता है तो हर कोई कार्यसमिति या संगठन का भागीदार बनना चाहता है। लेकिन हमारी भी बतौर प्रदेश अध्यक्ष कुछ सीमाएं हैं, हम सबको प्रदेश कार्यसमिति या जिला कमिटी में जगह नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी बहुत सी कमिटी बननी हैं, उसमुं बहुत से लोगों को एडजस्ट किया जाएगा। इसलिए कोई भी निराश या हताश ना हों।

# तीन फरार नक्सलियों को एनआइए ने घोषित किया वांटेड

**रांची।** एनआईए ने सरायकेला के कुकरूहाट हमले की जांच तेज कर दी है। बुधवार की देर रात एनआईए की टीम ने रांची और सरायकेला के साथ साथ बिहार और पश्चिम बंगाल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एनआईए टीम को कुछ महत्वपूर्व दस्तावेज मिले हैं। अधिकारी सूत्रों ने बताया कि नक्सल कांडों में फरार चल रहे है तीन हार्डकोर नक्सलियों को वांटेड सूची में शामिल किया गया है। वांटेड सूची में पूर्व विधायक रमेश सिंह मुंडा के हत्या का आरोपी गौरव मुंडा के साथ साथ कजेश और नागेश्वर शामिल हैं।

झारखंड के पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में एनआईए ने रांची के बुंडू के गौरव मुंडा को वांटेड घोषित किया है। रमेश मुंडा हत्याकांड में एनआईए ने बुंडू के बारिहातू के रहने वाले गौरव की भूमिका पायी थी। इस मामले में कुख्यात कुंदन पाहन भी आरोपी है। हालांकि कुंदन ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। वहीं, लातेहार के लुकैया मोड़ मामले में एनआईए ने माओवादी कजेश गंझू को वांटेड घोषित किया है। साल 2019 में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान माओवादियों ने चंदवा के लुकैया मोड़ पर हमला किया, जिसमें चार पुलिसकर्मियों को मौत हो गई थी। इस मामले में एनआईए को कजेश की तलाश है। वहीं चतरा के टेरर फंडिंग केस में एनआईए ने टीपीसी नक्सली नागेश्वर गंझू को फरार घोषित किया है। सरायकेला खरसावां कुकरूहाट बाजार में हमला कर पांच पुलिसकर्मियों की हत्या मामले की जांच एनआईए ने तेज कर दी है। बुधवार को पुलिसकर्मियों की हत्या और कारतूस लूटने के मामले में झारखंड के साथ कई ठिकानों पर एनआईए की टीम ने एक साथ छापेमारी की। छापेमारी में एनआईए को कई डिजिटल उपकरण हाथ लगे हैं, जिनकी जांच की जा रही है। एनआईए से मिली जानकारी के अनुसार मामले की जांच को लेकर बिहार के मुंगेर और बंगाल में भी छापेमारी की गई है।

## खबर एक नजर में

### भाजपा नेताओं ने किया स्वामी विवेकानंद को नमन



**रांची।** स्वामी विवेकानंद की जंयती पर हरमू स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भाजपा नेताओं ने उन्हें नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश समेत अन्य नेताओं ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दीपक प्रकाश ने कहा कि स्वामी विवेकानंद आधुनिक भारत के एक महान चिंतक, दार्शनिक, युवा संन्यासी, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। वे भारतीय संस्कृति के प्रचारक-प्रसारक एवं उन्नायक के रूप में जाने जाते हैं। विश्व भर में जब भारत को निम्न दृष्टि से देखा जाता था, ऐसे में स्वामी विवेकानंद ने 11 सितंबर, 1883 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म पर प्रभावी भाषण देकर दुनियाभर में भारतीय आध्यात्म का डंका बजाया। उन्होंने हमेशा युवाओं पर अपना ध्यान केंद्रित किया और युवाओं को आगे आने के लिए आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद ने अपनी ओजस्वी वाणी से हमेशा भारतीय युवाओं को उत्साहित किया है। उनके विचार हमें सही मार्ग पर चलते रहने की प्रेरणा देते हैं।

### पांच लाख रुपये ठगी में ट्रांसपोर्टर को भेजा जेल

**रांची।** बरियातू रोड निवासी एस कुमार से पांच लाख रुपये ठगी में पुलिस ने बीके ट्रांसपोर्ट के मालिक बृज कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित बरियातू थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ कालोनी का रहने वाला है। आरोप है कि बृज कुमार ने पांच साल पूर्व एस कुमार से कारोबार में मदद करने के नाम पर पांच लाख रुपये कर्ज लिया। बाद में पैसा देने में आनाकानी करने लगा। टाल मटोल को देखते हुए एस कुमार ने 2017 में बरियातू थाना में धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सुनवाई के उपरांत सिविल कोर्ट से आरोपित के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। बता दें कि ट्रांसपोर्टर बृज कुमार सिंह इससे पहले भी जेल जा चुके हैं। आरोप है कि उसने कई लोगों से ठगी की है।

### पारसनाथ पर्वत पर सबका अधिकार है : जैन समुदाय

**रांची।** पारसनाथ को लेकर चल रहे विवाद के बीच जैन समुदाय के लोगों का कहना है कि पारसनाथ पर्वत सबका है। हम स्वामित्व की बात ही नहीं कर रहे हैं। हम आदिवासियों की भावना का भी कद्र करते हैं। मानते हैं कि आदिवासी समाज का भी यह मरांग बुरु है और हम लोगों का भी तीर्थ स्थल है। इसे पर्यटन क्षेत्र से मुक्त करने की मांग हमारी थी। लेकिन अब राजनीति हो रही है। अहिंसा वादी जैन समाज सिर्फ तीर्थ स्थल की स्वच्छता और सुरक्षा की मांग करता है। प्रतिभा जैन ने कहा कि जैन महिला जागृति मंच की सचिव प्रतिभा जैन ने कहा कि इस वक्त हमारा इस पर बयान देने का कोई मतलब नहीं बनता है। सरकार ने फैसले दे दिए हैं। आगे अगर कुछ होता है, तो हम इस पर कुछ बोलेंगे। स्मिता जैन कि जैन महिला जागृति मंच की कोषाध्यक्ष स्मिता जैन ने कहा, हमने पारसनाथ पर्वत पर कोई दावा नहीं किया है। हमने उसकी सुरक्षा व्यवस्था की मांग सरकार से की थी, क्योंकि हम शाकाहारी लोग हैं। हमें किसी भी प्रकार का लड़ाई - झगड़ा उनसे नहीं है। हम अहिंसा वादी लोग हैं। हम उनकी श्रद्धा का भी उतना ही कद्र है।

# रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र से 100 करोड़ बिल के वूसली का लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम पिछले कुछ महीनों से बिजली बिल वसूली के लिये तटस्थ है। इसके लिये निगम की ओर से अभियान भी चलायें जा रहे है। इसी दौरान निगम मुख्यालय की ओर से रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के लिये लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जहां सभी प्रमंडलवार कार्यालयों से सौ करोड़ बिजली बिल वसूली का लक्ष्य रखा गया है। निगम की मानें तो रांची, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा के विद्युत कार्यपालक अभियंता के लिये आदेश जारी किया गया है। इसमें डिवीजनवार वसूली का लक्ष्य तय किया गया है। बताते चलें कि पिछले महीने निगम को तय 450 करोड़ बिलिंग वूसली लक्ष्य से अधिक राजस्व प्राप्ति हुई थी। ये राशि 510 करोड़ थी। इसके बाद निगम ने राजस्व वसूली में और तत्परता दिखायी है।

**किसी प्रमंडल को कितना लक्ष्य**

जेबीवीएनएल की ओर से बिजली बिल वसूली को जो लक्ष्य दिया गया है। उसमें डोरंडा को 13 करोड़, कोकर को 21 करोड़, न्यू कैपिटल को 13 करोड़, रांची सेंट्रल को 12 करोड़, रांची पूर्वी को 13 करोड़, रांची पश्चिमी को 15 करोड़, खूंटी को तीन करोड़, गुमला को चार करोड़, लोहरदगा को तीन करोड़, सिमडेगा को तीन करोड़ का लक्ष्य दिया गया है।

**पंचायत स्तर पर राजस्व वसूली को लगायें कैम्प**

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर राजस्व वसूली के लिए कैम्प लगाया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों से जानकारी प्राप्त कर जिन जिन स्थानों पर साप्ताहिक हाट या बाजार लगते हो वहां भी अवश्यक रूप से कैम्प लगाने समेत अन्य निर्देश दिया गया है।

# अभियंत्रण शाखा की सभी परियोजनाओं की समीक्षा

**रांची।** उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को अभियंत्रण शाखा के चल रहे सभी परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमे मुख्यतः वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 की निगम स्तर पर क्रियाशील सभी परियोजनाओं की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। जिसमें विशेष कर सीवरेज-ड्रेनेज जोन-01 परियोजना, जयपाल सिंह स्टेडियम का सौंदर्यीकरण कार्य तथा बड़ा तालाब के एसटीपी निर्माण आदि शामिल रहे। बैठक में इसके अलावा वार्ड स्तर पर सभी पथ एवं नालियों से संबंधित योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी उप नगर आयुक्त के द्वारा ली गई। उन्होंने सभी परियोजनाओं से संबंधित सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता को निगम स्तर पर लंबित पड़े कार्यों में तीव्रता लाने का निदेश दिया। इसके अलावा उप नगर आयुक्त द्वारा अब तक की सभी विभिन्न पेंडिंग परियोजनाओ के बारे में जानकारी ली गई, जिसपर उन्होंने कहा कि रांची शहर में जी 20 सम्मिट मार्च महीने के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है तथा इसके मद्देनजर सभी पेंडिंग परियोजनाओ को ससमय गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करे। बैठक में उपस्थित लोगो में सहायक नगर आयुक्त श्रीमती शीतल कुमारी, अधीक्षण अभियंता राम शंकर राम, सहायक अभियंता, एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### सीआईपी में बनेगा 500 बेड का नया हॉस्पिटल

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के कांके स्थित सीआईपी का दौरा केंद्र सरकार के स्वास्थ्य सेवा केंद्र के अपर महानिदेशक डॉ अनिल कुमार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के राष्ट्रीय पेशेवर अधिकारी डॉ अत्रेई गांगुली ने किया। उन्होंने संस्थान के विकास के लिए महत्वपूर्ण लंबे समय से लंबित पड़े डीआईबी के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की बात कही। इससे संस्थान में अपना ओपीडी भवन के साथ 500 शैया वाले नए हॉस्पिटल का निर्माण हो सकेगा, जिसमें सारी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी। उन्होंने संस्थान हित में निदेशक की मौजूदा शक्तियों कोअनुशंसा करने की बात भी कही।

### तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर 16 को आयेंगे जदयू प्रभारी अशोक चौधरी

**रांची।** जनता दल यूनाइटेड झारखंड में संगठन को मजबूत करने की कवायद में जुट गया है। इसके लिए जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी 16 जनवरी को तीन दिवसीय दौरे पर हवाई मार्ग से रांची पहुंचेंगे। पार्टी प्रवक्ता सागर कुमार ने बताया कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पार्टी के कार्यकताओं और प्रदेश के नेताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। 16 जनवरी को पुराने विधानसभा परिसर में प्रदेश जदयू की बैठक होगी। बैठक में प्रभारी अशोक चौधरी सभी जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्यों के साथ संगठन की मजबूती पर चर्चा करेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो करेंगे।

### ब्रिज टूनार्मेंट में डब्ल्यूसीएल-नागपुर विजेता एवं सीएमपीडीआई-रांची उप-विजेता



**रांची।** सीएमपीडीआई के रबीन्द्र भवन में आयोजित तीन-दिवसीय कोल इंडिया अंतर कम्पनी ब्रिज टूनार्मेंट के समापन गुरुवार को हो गया। इस मौके पर आयोजित समारोह बतौर मुख्य अतिथि सीएमडी मनोज कुमार ने डब्ल्यूसीएल की टीम को विजेता एवं सीएमपीडीआई की टीम को उप-विजेता का खिताब प्रदान किया। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक एसके गोमास्ता, शंकर नागाचारी, अजय कुमार एवं वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा ने विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

सुपर लीग मुकाबले में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल)-नागपुर की टीम 41.07 अंक, मेजबान सीएमपीडीआई-रांची की टीम 33.65 अंक, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल)-सम्बलपुर की टीम 32.55 अंक जबकि होल्डिंग कम्पनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)-कोलकाता की टीम ने 12.73 अंक हासिल किया।

# बदले गये वन सेवा के 27 अफसर, कुछ को मिला प्रमोशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने वन विभाग में कार्यरत 27 आइएफएस अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। कुछ अधिकारियों को प्रमोशन भी मिला है। प्रमोशन पाने वाले अफसरों के वेतनमान में वृद्धि की गई है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने 12 जनवरी 2023 को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना में कहा गया है जिन अधिकारियों के स्थान पर किसी पदाधिकारी का पदस्थापन हो गया है, वे मुख्य वन संरक्षक रांची के कार्यालय में योगदान देंगे।

**इन अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग**

पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत शैलजा सिंह को विशेष परियोजना में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थापित किया गया है। मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार को पे मैट्रिक्स लेवल 15 में प्रोन्नत करते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक बनाया गया है। डीके सक्सेना को पे मैट्रिक्स लेवल 15 में प्रोन्नति देते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के पद पर पदस्थापित किया गया है। विश्वनाथ शाह को पे मैट्रिक्स लेवल 15 में प्रोन्नत करते हुए मुख्य वन संरक्षक, एफडीए, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। रवि रंजन को पे मैट्रिक्स लेवल 14 में प्रोन्नति देते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर में उत्क्रमित किया गया है। एसआर नाटेश को पे मैट्रिक्स लेवल 14 में प्रोन्नति मिली है। उन्हें मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी, झारखंड के पद पर पदस्थापित किया गया है। सुनील सोरेन को पे मेट्रिक लेवल 13 ए में प्रोन्नति देते हुए वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, देवघर में पदस्थापित किया गया है। विमल अकड़ा पे मैट्रिक्स लेवल 13 ए में प्रोन्नति पाते हुए वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल, बोकारो के पद पर पदस्थापित हुए हैं। आरएन मिश्रा पे मैट्रिक्स लेवल 13 ए में प्रोन्नत हुए हैं, उन्हें वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल, गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है। अरुण कुमार सिंह पे मैट्रिक्स लेवल 13ए में प्रोन्नत हुए हैं, उन्हें महाप्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना, देवघर में पदस्थापित किए गये हैं। आर थंगा पंडियन अगले आदेश तक वन संरक्षक प्रदेशिक अंचल गुमला के पद पर पदस्थापित किए गये हैं। पीआर नायडू को पे मैट्रिक्स लेवल 13 ए में प्रोन्नत करते हुए वन संरक्षक, प्रदेशिक अंचल, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। सरोज भाई पटेल को अगले आदेश तक हजारीबाग में वन प्रमंडल पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रमंडल के पद पर पदस्थापित किया गया है। सबा आलम अंसारी को वन प्रमंडल पदाधिकारी,हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के पद पर पदस्थापित किया गया है। कुमार आशीष को पलामू व्याघ्र परियोजना में उप निदेशक बनाया गया है। रजनीश कुमार को बोकारो में वन प्रमंडल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्रीकांत वर्मा रांची वन प्रमंडल में वन प्रमंडल पदाधिकारी बनाए गए हैं। वेद प्रकाश कम्बोज बंजर भूमि विकास बोर्ड के उप निदेशक बनाए गए हैं। मौन प्राश गोड्डा के वन प्रमंडल पदाधिकारी बनाए गए हैं। नीतीश कुमार रामगढ़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी बने हैं। विकास पालीवाल धनबाद के वन प्रमंडल पदाधिकारी बने हैं। अंकित कुमार सिंह गिरिडीह पश्चिमी प्रमंडल में वन प्रमंडल पदाधिकारी बनाए गए हैं। प्रजेश कान्त जेना पलामू व्याघ्र प्रमंडल, उत्तरी प्रमंडल, मेदिनीनगर के उप निदेशक बने हैं। सात्विक को दुमका का वन प्रमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। अहमद बिलाल गुमला के वन प्रमंडल पदाधिकारी बने हैं।

# आरबीआई लोगों को वित्तीय साक्षर बनाने हेतु प्रतिबद्ध : संजीव सिन्हा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची के मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के द्वारा गुरुवार को संस्थान में ही फिनान्सियल इनक्लुसन एंड मॉनेटरी पॉलिसी विषयक एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रांची के महाप्रबंधक संजीव सिन्हा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगों को फिनान्सियल इनक्लुसन एंड मॉनेटरी पॉलिसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि आरबीआई मुख्य रूप से मूल्य स्थिरता और विकास के साथ-साथ देश की वित्तीय स्थिरता पर काम करता है।आरबीआई लोगों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने और बैंकिंग प्रणाली में वित्तीय समावेशन के उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि जब हम वित्त को समझने लगते है, तो हमारा पहला प्रश्न होता है कि मौद्रिक नीति और मुद्रास्फीति का भार हम क्यों उठायें? इसी विषय पर आरबीआई प्रयास कर रही है कि वित्तीय समावेशन को बढाने हेतु लोगों को आर्थिक जानकार बना सके और साथ ही बैंकिंग सिस्टम को अधिकाधिक इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने मौद्रिक नीति में संचरण के नुकसान, वित्तीय बाजार के महत्व, विदेशी मुद्रा बाजार, क्रेडिट बाजार और सरकारी प्रतिभूति बाजारों के विवरण पर विस्तार से चर्चा की।

इससे पहले एक्सआईएसएस के डायरेक्टर डॉ. जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने अतिथि के साथ बातचीत की. बातचीत के क्रम में राज्य में वित्तीय समावेशन योजनाओं को बढ़ाने में एक्सआईएसएस की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की। एक्सआईएसएस राज्य में वित्तीय साक्षरता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैऔर इस संबंध में आरबीआई के साथ मिलकर काम करेगा।

### झारखंड की चार खिलाड़ियों का चयन होना राज्य के लिए गर्व की बात : संजय सर्राफ

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार खिलाड़ियों निक्की प्रधान, सलीमा टेटे,संगीता कुमारी,एवं ब्यूटी डुंगडुंग,को शामिल किए जाने पर पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने बधाई देते हुए कहा है कि झारखंड की चारों महिला हॉकी खिलाड़ी 14 से 30 जनवरी तक केपटाउन दक्षिण अफ्रीका में ट्रेनिंग और टेस्ट मैच खेलने के लिए जाएगी। वहां दक्षिण अफ्रीका से चार मैच और नीदरलैंड के साथ तीन मैच खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल निक्की प्रधान खूंटी जिला के हेसल की तथा सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग सिमडेगा जिला की रहने वाली है। उन्होंने कहा कि 2015 में निक्की प्रधान से शुरूआत हुई थी और अब भारतीय महिला हॉकी टीम में एक साथ झारखंड के चार- चार खिलाड़ियों का चुने जाना झारखंड राज्य के लिए गर्व की बात है। बधाई देने वालों में- पेरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चयन कमेटी के चेयरमैन डॉ० शिवाजी कुमार, पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के अध्यक्ष शशि रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता, खेल निदेशक सुगंध नारायण, कमेटी के सीईओ सुनील कुमार विश्वास, झारखंड के स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, कुमार गौरव, अतुल चंदन, मंजीत सिंह, आदि शामिल है।

### जंगलों के बीच 200 से अधिक गरीब जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण



**रांची।** डाल्टनगंज धर्मप्रांत के सर्वांगीण ग्राम विकास केंद्र ने रांची आर्चडायसिस के साथ मिलकर डालटेनगंज शहर से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर जंगलों के बीच स्थित कुंडपानी के गरीब महिला-पुरुषों को बतौर मदद उनके बीच 200 कंबल का वितरण किया। साथ ही ग्रामीणों को अपने परिवेश में उपलब्ध संसाधनों से जीविकोपार्जन के लिए प्रेरित किया। बताते चलें कि जंगलों के बीच कुंडपानी गांव बरसों से माओवादी हमले से प्रभावित क्षेत्र हैं जहां के ग्रामीण कई वर्षों से गरीबी के जाल में फंसे हुए है। सर्वांगीण ग्राम विकास केंद्र डालटेनगंज धर्मप्रांत की सामाजिक शाखा जो पुनरुद्धार मोड मे है इस गांव के लोगों की आर्थिक तंगी और शैक्षणिक पिछड़ेपन को देखते हुए, रांची आर्चडायसिस के समक्ष उनकी सेवा व मदद की इच्छा रखते हुए गुहार लगायी। कहा कि सर्वांगीण ग्राम विकास केंद्र कुंडपानी के लोगों की मदद करना चाहती है। इसी क्रम में कुंडपानी और आसपास के गांव के 200 से अघिक जरुरतमंद गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जागरूकता रथ हुआ रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत रांची समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ रवाना किया गया. डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, अपर समाहर्त्ता राजेश बरवार, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। रथ के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी और पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि जागरूकता रथ पूरे शहर में चलाया जाएगा। हमें उम्मीद है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यातायात एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी मिलने से लोगों को लाभ होगा, सड़क दुर्घटना को रोकने में हम कामयाब होंगे।

वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि गोल्डन ऑवर में सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को किसी तरह की परेशानी ना हो, इससे संबंधित थानों को सूचना दी गई है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोग अपनी जिम्मेदारी समझें, नियम कानून का पालन करें ताकि सड़क हादसों में कमी आए।

**लोगों को जागरूक करने के लिए अच्छा माध्यम-उपायुक्त**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार के निदेशानुसार 11-17 जनवरी 2023 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके आलोक में जागरूकता हेतु प्रतिदिन सड़क सुरक्षा समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि शहरों के विकास, बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ वाहनों की संख्या में भी दिन-ब-दिन बढ़ोतरी हो रही है। इससे सड़क हादसे भी हो रहे हैं और लोगों की जान भी जा रही है। इसके लिए जरूरी है कि वाहन चालकों और सड़क पर चलने वाले लोगों को ट्रैफिक से संबंधित नियम एवं कानून की जानकारी हो, लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ अच्छा माध्यम है।

**हिट एंड रन केस में मुआवजे का प्रावधान**

मीडिया से बात करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भी कई कानून बनाए गए हैं। जैसे हिट एंड रन के मामले में 200000 रु का मुआवजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बहुत सारे लोगों को यह जानकारी नहीं है कि इस प्रकार की दुर्घटना होने पर किस तरह से आवेदन करना है और कैसे लाभ प्राप्त करना है, जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को इससे संबंधित जानकारी भी दी जाएगी।

**नए नियम और रिलैक्सेशन भी**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने और दुर्घटना से प्रभावित लोगों को समय पर चिकित्सा लाभ मिले इसके लिए नए नियम और रिलैक्सेशन भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गोल्डन ऑवर में सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से किसी तरह की पूछताछ नहीं होती है, साथ ही गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वालों को 2000 रुपये भी दिये जाने का प्रावधान है।

# सभी महिलाओं के लिए हजरत बीबी फातिमा का जीवन एक आदर्श : मौलाना सैयद मूसवी



**रांची।** पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद की प्यारी पुत्री हजरत बीबी फातिमा के जन्म दिवस के मौके पर गुरुवार को अंसार नगर स्थित मस्जिद-ए- जाफरिया में में मिलाद जहरा का आयोजन किया गया।झारखंड राज्य हज कमेटी के सदस्य सह ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन सह मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने इसकी अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि मौलाना सैयद मूसवी रजा ने मिलाद जहरा को खिताब करते हुए कहा कि देश की महिलाओं के लिए हजरत बीबी फातिमा की जीवनी आदर्श है। हजरत बीबी फातिमा अपने पिता का, अपने पति का, अपने बच्चों का इतना सम्मान किया के उनके पिता पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद ने अपनी बेटी को अपनी मां कहा। पति हजरत अली ने अपनी पत्नी को अपना मददगार कहा।

### रांची में 15 जनवरी से छाये रहेंगे आंशिक बादल



**रांची।** राजधानी में दो दिन के बाद 15 जनवरी से पूरे हफ्ते सुबह कोहरे के बाद आंशिक बादल रहने की संभावना है। हालांकि 13 व 14 जनवरी को मौसम साफ रहेगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। कहीं-कहीं हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा। एक-दो स्थानों पर शीतलहर की स्थिति बनी रही। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस चाईबासा और सबसे कम न्यूनतम तापमान 05.8 डिग्री सेल्सियस खूंटी में दर्ज किया गया।

## आज का राशिफल
### 13-01-2023

**मेष** : कल शत्रु कुछ परेशान करेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें।

**वृष** : यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे।

**मिथुन** : जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क** : विरोधी कष्ट देंगे। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी।

**सिंह** : शाम के बाद खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। 'आ बैल मुझे मार' की स?थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा।

**कन्या** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। गाय को रोटी दें। समय अनुकूल होगा।

**तुला** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी।

**वृश्चिक** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे।

**धनु** : दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

**मकर** : घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस?थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

**कुंभ** : शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे।

**मीन** : नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे।

# युवाओं के धैर्य को आज ललकार रही सत्ता : सुदेश

## हजारों युवा उतरे सड़क पर, रांची के अरगोड़ा मैदान से बापू वाटिका मोरहाबादी तक किया मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित उठो, जागो संकल्प मार्च का आयोजन आजसू पार्टी की सहयोगी इकाई अखिल झारखंड छात्र संघ के नेतृत्व में किया गया। इसमें हजारों की संख्या में झारखंडी नौजवान छात्रों ने हिस्सा लिया। अरगोड़ा मैदान में सभी जुटे, जहां सभा हुई। फिर पदयात्रा करते हुए अरगोड़ा, हरमू रोड, रातू रोड, नागाबाबा खटाल, कचहरी चौक, रेडियम रोड होते हुए बापू वाटिका मोरहाबादी पहुंचे और कार्यक्रम की समापन किया गया।

पदयात्रा में आजसू प्रमुख सुदेश महतो छात्रों के साथ थे। हजारों छात्रों ने सड़क पर उतरकर सरकार की वादा खिलाफी और

### आजसू प्रमुख ने कहा, भविष्य को संवारने का संकल्प लेने का दिन है युवा दिवस

असंवैधानिक नीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद की।

सभा को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि आज आत्ममंथन का दिन है। अतीत के दहलीज से वर्तमान को समझने तथा भविष्य को संवारने का संकल्प लेने का दिन है। व्यवस्था के युवा विरोधी चरित्र के प्रतिकार का दिन है। महापुरुषों, शहीदों एवं आंदोलनकारियों के टुटते सपनों का विश्लेषण का दिन है। झारखंड में सपनों के बनने बिखरने का खेल बदस्तूर जारी है। युवाओं के सपनों



को सीढ़ी बनाकर सत्ता शिखर तक पहुंचाना तथा बेरोजगारी की आग में झुलस रहे तथा अपने हक के लिए सड़कों पर उतरे युवाओं पर सत्ता की दमनात्मक कार्रवाई आज झारखंड का एक बेहद अफसोसजनक एवं पीड़ादायक सच है। युवाओं के धैर्य को आज सत्ता ललकार रही है। अपने भविष्य निर्माण में उनके निरंतर प्रयासों को सत्ता लगातार कुचल रही है।

श्री महतो ने कहा कि युवाओं के दर्द को उसके आंखों में तैर रहे आक्रोश से समझा जा सकता है। झारखंड सरकार के अविवेकपूर्ण तथा भ्रामक नीतियों के कारण राज्य के हजारों युवा सड़कों पर हैं।

### अखिल झारखंड छात्र संघ के 'उठो, जागो' संकल्प मार्च का हुआ आयोजन

उनके परिवार में मातम का माहौल है। लाख कोशिशों के बावजूद सरकार की गलत नीतियों के कारण इन युवाओं के लिए रोजगार के सारे दरवाजे बंद हैं।

उन्होंने कहा कि अनिश्चित भविष्य इन युवाओं को उद्वेलित कर रहा है। यदि युवाओं में व्याप्त इस बेचौनी तथा नैराश्य का शीघ्र समाधान करने में सरकार विफल रही तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। युवाओं के बिखरते उम्मीद टूटते सपने तथा अपमान राज्य में कई प्रकार के बिखराव एवं टकराव को जन्म देगा।

इस संकल्प मार्च में राज्यभर से आये बड़ी संख्या में छात्र शामिल थे। गोमिया आजसू विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस और उमाकांत रजक, बड़कागांव विस प्रभारी रोशन चौधरी, केन्द्रीय प्रवक्ता प्रो. विनय भरत, हटिया विस प्रभारी भरत कांशी, राजाराम महतो, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह, पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा के सुपुत्र तथा सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गुंजल इकीर मुंडा, नीतीश सिंह, बनमाली मंडल, नईम अंसारी, महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, आशुतोष गोस्वामी, हरीश सिंह, बंटी यादव, सुनील यादव, राजू नायक, निरज वर्मा सहित कई आजसू नेता मौजूद थे।

## सीआइटी में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी) के परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद स्प्रिचुअल सेंटर में राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर गुरुवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं लोगों को स्वामी जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने अल्पायु में ही अपने सिद्धांतों से विश्व भर में भारत का गौरव बढ़ाने का काम किया। इसके लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। मौके पर अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इसके पूर्व, स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के तत्वाधान में किया गया।

मौके पर सीआइटी के एडवाइजर डॉ एम बंधोपाध्याय, डॉ विजय शंकर सिंह, सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रसांक मणि, डॉ रणवीर कुमार, प्रो रोहित कुमार, प्रो जियाउल हक, प्रो अरशद उस्मानी, प्रो अनवर आलम आदि उपस्थित थे।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक्सपर्ट टॉक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय युवा दिवस यानी स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय सभागार में आर्ट ऑफ लिविंग टॉपिक पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। एक्सपर्ट टॉक में बतौर मुख्य वक्ता पंडित विजय शंकर मेहता ने सभी को स्वामी जी के कृतित्व पर न केवल व्याख्यान दिया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं गौरवशाली सनातन परंपराओं से भली-भांति परिचित भी कराया।

विवेकानंद की जीवनी पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए उन्होंने अध्यापकों तथा छात्रों से जीवन में गुरु, माता-पिता, मन, आत्मा एवं शरीर तथा चार पुरुषार्थ यथा धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष के साथ-साथ पंच महाभूतों यानी छिति, जल, पावक, गगन और समीर द्वारा निर्मित मानव शरीर के महत्ता एवं उसके सार्थकता के बारे में विशद व्याख्या की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते



हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी एवं शिकागो में उनके दिये गये व्याख्यान की चर्चा करते हुए छात्रों एवं प्राध्यापकों को स्वामी विवेकानंद की जीवनी से प्रेरित होकर उनके द्वारा बताये मार्ग पर चलते हुए उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने न केवल अमेरिका के शिकागो में, अपितु संपूर्ण विश्व को भारतीय सनातन मूल्य एवं परंपराओं से परिचित कराया था। उन्होंने भारत को विश्व गुरु होने की कारणों से परिचित भी कराया था। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, उप सचिव प्रो अमित कुमार गुप्ता, डॉ संदीप कुमार, डॉ नीलिमा पाठक, डॉ सुबानी बाड़ा, हरी बाबू शुक्ला, डॉ राधा माधव झा, अजय कुमार, प्रवीण कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भी विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव कुमार सिन्हा, प्रोग्राम अफसर वन डॉ संजीव कुमार, प्रोग्राम अफसर टू डॉ मेघा सिन्हा सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थ कार्यक्रम में शामिल हुए।

## खबर एक नजर में

### मनरखन महतो बीएड कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी विवेकानंद की जयंती




**रांची।** मनरखन महतो बीएड कॉलेज मेसरा में स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष मनरखन महतो निदेशक मनोज कुमार महतो प्राचार्य डॉ संतोष अरोड़ा प्रशासक मुकेश कुमार एवं मीना कुमारी ने स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष मनरखन महतो ने प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए स्वामी जी के कथन का उल्लेख किया।

### भारत रक्षा मंच ने स्वामी जी को किया याद

**रांची।** भारत रक्षा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम किशोर सिंह ने गुरुवार को विवेकानंद की जयंती के मौके पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती पर उन्हें याद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के नौजवानों को इनसे प्रेरणा लेने की जरुरत है। ऐसे महापुरुष भारत को कोटि-कोटि नमन।

### डीएवी बरियातू में स्वामी जी की जयंती मनी

**रांची।** डीएवी पब्लिक बरियातू में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती के अवसर पर विद्यालय की प्रात:कालीन एसेम्बली विवेकानंद जयंती के जीवन पर आधारित रही। 8वीं की अनुष्का शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द के विचारों को प्रस्तुत किया। 8वीं के ही यश राज ने स्वामीजी की जीवनी प्रस्तुत की। शिक्षिका जयंती सिंह ने विवेकानंद जी के जीवनी से सम्बंधित रोचक व उपदेशात्मक तथ्य बताये।

### गोस्सनर कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज में आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता का विषय 'भाग्य विधाता' रखा गया था। प्रतियोगिता की शुरूआत सेमेस्टर 5 की निशा राय ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए किया। इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मास कम्युनिकेशन एंड वीडियो प्रोडक्शन विभाग की प्रोफेसर मीना सिन्हा ने प्रतियोगिता के नियम बताएं साथ ही सभी प्रतिभागियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

### बारिश व धूप से बचाता है एशियन पेंट्स

**रांची।** समय अपने साथ बदलाव लेकर आता है, लेकिन हम सभी चाहते हैं कि हमारा घर सालोंसाल नया बना रहे। इस तलाश में, एशियन पेंट्स देशभर में भारतीयों का एक भरोसेमंद साथी रहा है। एशियन पेंट्स एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक, अपनी लैमिनेशन गार्ड टेक्नोलॉजी के साथ, घर की बाहरी दीवारों को बारिश, धूप और धूल से पूरी सुरक्षा देता है। साथ ही 10 साल की परफॉर्मेंस वारंटी की भी पेशकश करता है।

### डीएवी नीरजा सहाय में याद किये गये स्वामी जी

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में विवेकानंद के जन्म दिवस पर गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्वामी जी के जीवन चरित, उपलब्धियों, शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन आदि पर कविता, अभिभाषण, नृत्य आदि के माध्यम से अपने विचार प्रेषित किया। उठो, जागो और तब तक मात रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाये विषय को प्राचार्य ने विशेष अभिभाषण से बच्चों का आह्वान किया।

### डीपीएस रांची के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**रांची।** अपनी अद्भुत मेधा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस रांची की मुस्कान खोवाल (बैच 2017) और सृष्टि सरावगी (बैच 2016) ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित सीए फाइनल परीक्षा (नवंबर 2022) में शानदार प्रदर्शन करके विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस परीक्षा में मुस्कान खोवाल ने एआईआर 43 और स्टेट रैंक 02 एवं सृष्टि सरावगी ने स्टेट रैंक 03 हासिल किया है।

### आइपीएल की कमेंट्री मैथिली में भी करने की मांग

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में गुरुवार को एक आवश्यक बैठक हुई। आगामी अप्रैल माह में आइपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान भोजपुरी भाषा में कमेंट्री करने और मैथिली भाषा को नजरअंदाज करने पर बैठक में रोष प्रकट किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबा विद्यापति स्मारक समिति बीसीसीआइ और मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स (श्री अनुराग ठाकुर जी ) को पत्र देकर मैथिली भाषा में कमेंट्री करने के लिए पुनर्विचार करने की मांग करेगी।

### मकर संक्राति पर जेएमजे समृद्धि सेल का आयोजन

**रांची।** जैन पंचायत रांची की एक इकाई जैन महिला जागृति द्वारा मकर सक्रांति के उपलक्ष में रातू रोड स्थित रतनलाल जैन स्मृति भवन में जेएमजे समृद्धि सेल का आयोजन किया गया। सेल का प्रारंभ प्रात: 9:30 बजे जैन महिला जागृति की संरक्षक श्रीमती रेखा पांड्या एवं अध्यक्ष मंजुला विनायक्या ने संयुक्त रूप से किया।

# निर्मला कॉन्वेंट में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर युवा दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी जी के बारे में बहुत सारी बातें बताई गई। प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बच्चों को स्वामी जी के बताए मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। बताया कि वर्तमान समय में जहां बच्चों में ईर्ष्या तथा हिंसा बढ़ता जा रहा है, वहीं हमें प्रेम भाव से रहने की ज्यादा जरूरत है। श्री शर्मा ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद जी जैसा ऊर्जावान और एक कर्तव्य परायण होने की आवश्यकता है, जहां इस कलयुग में सबके मन में द्वेष भरा रहता है। वहीं हमें हिंसा से नहीं धैर्य एवं प्रेम से अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए काम करना चाहिए।

छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद जी की वेशभूषा में सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने स्वामी जी चित्र पर पुष्प अर्जित करते हुए खुद भी शपथ लिया और बच्चों को भी शपथ दिलाई। वह सदैव स्वामी विवेकानंद जी के बताए गए रास्ते पर चलेंगेऔर उनके बताए गए मूल्य उद्देश्यों पर भी काम करेंगे। इस मौके पर शिक्षक गोपाल चन्द्र दास, विनोद कुमार निषाद,किरण कुमारी, अनिमा इक्का शिवानी कुमारी तथा छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव

### संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में याद किये गये स्वामी विवेकानंद

**रांची।** संजय गांधी महाविद्यालय एनएसएस यूनिट 3 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पम्पा सेन विश्वास के तत्वधान में 10:30 बजे स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया। डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ बोनीता दिवाकर , डॉ पम्पा सेन विश्वास,डॉ सुखदेव साहू ,डॉ चित्ररेखा सिन्हा, डॉ कौशल कुमार,ए के सौमित्र, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्घ किया गया डॉ पम्पा सेन विश्वास ने स्वागत भाषण और विषय प्रवेश करते हुए कहा एनएसएस में सभी अपने को स्वयंसेवक बनाना सीखते हैं, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण स्वामी विवेकानंद हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे-सबसे पहले मनुष्य बनो। विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत किया।

## आज के युवाओं को विवेकानंद से सीखने की जरूरत है : शांडिल्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वाद-विवाद, क्विज, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डीएसपीएमयू के वीसी तपन कुमार शांडिल्य थे। मौके पर कई शिक्षक भी मौजूद थे। वीसी ने कहा कि आज के युवाओं को विवेकानंद से सीखने और उनके विचार को अपने जीवन में ढालने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद द्वारा कहे गए महत्वपूर्ण बातें बच्चों से साझा किये और उनके विचार बताए। मौके पर कुलपति ने लियो टॉल्स्टॉय के कथन को भी बच्चों के साथ साझा किया और विद्यार्थी परिषद के इस कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की।

### स्वामी जी के बताये मार्गों पर चलने का लिया संकल्प

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से गुरुवार को विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस पर बड़ा तालाब स्थित युवाओं के ह्रदय सम्राट स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा के समीप दीपप्रज्वलन कर उन्हें याद किया गया और उनके बताए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर सोशल मीडिया संयोजक रिपुंजय धर दुबे ने की।

## राष्ट्र निर्माण हो युवाओं का ध्येय : डॉ नीता पांडेय




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्र का विकास युवाओं के कंधों पर है। युवा अपनी क्षमताओं को पहचान कर देश को विकास पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लें। ये बातें प्राचार्य डॉ नीता पांडेय ने गुरुवार को कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि विलासितापूर्ण जीवन-यापन के साधनों का जुगाड़ करना युवाओं का लक्ष्य न हो, बल्कि समाज, चरित्र और राष्ट्र निर्माण करना उनका ध्येय हो। इससे पहले प्राचार्या ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत 'तेरी पनाह में हमें रखना, सीखे हम नेक राह पर चलना' शीर्षक प्रार्थना से हुई। छात्रा भूमिका दत्ता ने रोशनी का कोई दरिया तो है गीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र शौर्य प्रखर ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो व्याख्यान की प्रस्तुति दी। छात्रा वर्षा सोनी ने स्वामी जी के 'पीस' शीर्षक कविता का पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# बीएयू में 3 फरवरी से लगेगा किसान मेला

## तीन दिवसीय मेले में उद्यान प्रदर्शनी भी लगेगी, औषधीय पौधों की दी जायेगी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में 3 फरवरी से तीन दिवसीय किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला का आयोजन बीएयू परिसर में किया जायेगा, जिसमें कई स्टॉल भी लगाये जायेंगे। यहां बीज, उर्वरक, कीटनाशक और यंत्र निमार्ता एवं विक्रेता, बैंक एवं स्वयंसेवी जैसे संस्थान प्रदर्शनी करेंगे। बताया गया कि बीएयू के प्रसार शिक्षा निदेशालय से संपर्क कर स्टॉल लगाया जा सकता है।

### मेले में प्रदर्शनी पर होगा फोकस

मेले के प्रदर्शनी में समेकित



कृषि प्रणाली, फसल उत्पादन एवं विविधीकरण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, पौधा संरक्षण, फसलोत्तर प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन, कृषि यांत्रिकीकरण एवं उर्जा प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार तथा बाजार व्यवस्था, वनोत्पाद प्रबंधन, औषधीय पौधे, उच्च कृषि शिक्षा आदि विषयों के तकनीकी पर फोकस होगा।

### पशु स्वास्थ्य जांच की सलाह दी जायेगी

तीन दिवसीय मेले में उद्यान प्रदर्शनी में सब्जी, फल, फूल, औषधीय एवं सगंधीय पौधों से युक्त तकनीकी प्रदर्शनी लगायी जायेगी। वहीं पशु-पक्षी प्रदर्शनी के गोवंश, भैंस, बकरी, सूकर, मुर्गी, बत्तख, खरगोश और पक्षी, किसान-वैज्ञानिक गोष्ठी तथा महिला कृषक गोष्ठी मुख्य कार्यक्रम होगा। मेले में फसल एवं सब्जियों के संकर बीज तथा पौधे सामग्री का प्रदर्शन एवं बिक्री, मिप्ती एवं जल की नि:शुल्क जांच एवं पशु स्वास्थ्य जांच समेत कई तरह के सलाह दिये जायेंगे।

## युवा महोत्सव के फाइनल मैच में सैमारा ब्राम्बे की जीत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय युवा विकास संघ के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद गोल्ड कप फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच कांके के चारी हुजीर मैदान में सैमारा एफसी फुटबॉल क्लब ब्राम्बे ओर मामा स्पोटिंग फुटबॉल रातू के बीच खेला गया। इस रोमांचक में मामा स्पोटिंग क्लब को 3 गोल से हरा कर सैमारा एफसी फुटबॉल क्लब ने फाइनल मैच जीत लिया। जीत के लिए चैंपियन को फर्स्ट प्राइज के रूप में 2 लाख रुपये नगद और सेकंड प्राइज के रूप में रनर को 1.50 लाख नगद दिये गये। वहीं एक मैच बालिका वर्ग के बीच मैच खेला गया, जिसमें गुमला जिले की टीम विजयी रही। दोनो टीमो को नगद 25- 25 हजार रुपये प्राइज दिया गया। युवा महोत्सव के मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, राज्य सभा संसद आदित्य साहु, कांके विधायक समरी लाल, भाजपा रांची ग्रामीण महामंत्री नरेंद्र कुमार, भाजपा रांची ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ,कमलेश राम, लक्ष्मण साहू, सुबोध साहु आदि उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद को अपना रोल मॉडल बनायें युवाः सांसद

## युवा दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** नवागढ़ चौक में युवा दिवस के मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानद सर्वांगीण विकास सहकारिता समिति द्वारा किया गया था। राज्यसभा सांसद ने ज्ञान मंदिर स्कूल में कल्याण विभाग द्वारा चलाये जा रहें हस्तकरघा द्वारा कपड़ा बुनाई की योजना को देखा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद को युवा आपन रोल मॉडल बनाए। हर संभव मदद करने की बात कही है। संचालन दिलीप कुमार मिर्धा ने किया। विशिष्ट अतिथि अमर कुमार चौधरी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अध्यक्षता बुधराम बेदिया ने किया। ज्ञान मंदिर के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर राजेन्द्र शाही, रामनाथ महतो, सुनील महतो, पंचम भोगता, मनमोहन भोगता, धनेस्वर बेदिया, ओमप्रकाश, बनु बेदिया, गनु बेदिया आदि उपस्थित थे।



## रानी चुआं में स्वर्णरेखा महोत्सव का आगाज

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के रानी चुआं में आयोजित तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मेला का शुभारंभ विवेकानन्द जयंती सह विश्व युवा दिवस से किया गया। स्वामी विवेकानंद ग्रामीण विकास संस्था एवं युगांतर भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद क्षेत्र के दर्जनों विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद और विश्व गुरु की राह में बढ़ता भारत विषय पर बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इमारत पब्लिक स्कूल के सदिका प्रवीण, द्वितीय पुरस्कार विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के खुशी कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार राजकीयकृत उच्च विद्यालय नगड़ी के मोहित राज को मिला। साथ ही पांच लोगों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## डीएवी नीरजा सहाय में मनी विवेकानंद जयंती

**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में विवेकानंद के जन्म दिवस पर विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किए गये। विद्यार्थियों ने स्वामी जी के जीवन चरित, उपलब्धियों, शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन आदि पर कविता, अभिभाषण, नृत्य आदि के माध्यम से अपने विचार प्रेषित किये । उठो, जागो और तब तक मात रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाये विषय को प्राचार्य ने विशेष अभिभाषण से बच्चों का आह्वान किया। मौके पर शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

## स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोतः इमानुएल जयवीरस लकड़ा

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के मौके पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों तथा देवगांव पंचायत में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। देवगांव पंचायत के घघारी बाबा धाम परिसर में पहली बार स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान पीढ़ी के युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया। अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी विचारधाराओं के कारण काफी लोकप्रिय रहे। हमें उनकी जीवनी से सीखने की जरूरत है। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, जिला स्तरीय सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, बेड़ो के सांसद प्रतिनिधि धनंजय राय, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, संतोष तिर्की, समाजसेवी राजकमल गोप, समाजसेवी दशरथ तिर्की आदि मौजूद थे।

## खलारी में विहिप ने मनाई विवेकानंद जयंती

खलारी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी का जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) मनाया गया। वहीं लोगों द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि किया गया। वहीं कार्यालय प्रमुख पशुपति नाथ ने प्रताप यादव, उदय सिंह, अवधेश राय, मुकेश यदुवंशी, शशि तुरी ने विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर आरएसएस के खलारी खंड कारवां अवधेश राय, आरएसएस रांची जिला के सामाजिक समरसता उदय सिंह विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के रांची जिला ग्रामीण सेवा प्रमुख अनिल यादव, भोला चौहान, राकेश सिंह, विश्वकर्मा गंझू, भोला गंझू, तरुण रॉय, प्रेम भुगतान, रवि सिंह, दिनेश गंझू, ढेबा गंझू, लाला गंझू, संतोष गंझू, संजय गंझू, अखिलेश कुमार, आदित्य कुमार, दीपक सिंह, सूरज शर्मा, रोहित कुमार, जितेंद्र कुमार, अमन, सूरज चौहान, सोहन, सोनी, पप्पू कुमार सिंह शिव शंकर कुमार उपस्थित थे।

## डीएवी विवेकानंद स्कूल में स्वामी जी की मनी जयंती

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्वामी विवेकानंद की चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। एवं बच्चों के बीच बोलीबॉलए कबड्डीए बैडमिंटन खेल का आयोजन किया गया।बॉलीबॉल लड़का में रेड हाउस प्रथम स्थान और ग्रीन हाउस को दूसरा स्थान मिला। एवं लड़की में ब्लू हाउस प्रथम स्थान में रही और यैलो हाउस को दूसरा स्थान मिला। बैडमिंटन लड़का में रेड हाउस को प्रथम स्थान मिला और येलो हाउस दूसरे स्थान पर रही। कबड्डी में लड़कों में यलो हाउस को प्रथम स्थान मिला में और ग्रीन हाउस दूसरे स्थान में रही। और लड़कियों में प्रथम स्थान ब्लू हाउस और दूसरा स्थान यलो हाउस ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। मौके पर निदेशक कैलाश कुमार ने कहा की हमें स्वामी विवेकानंद की आदर्शों पर चलनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा को मनुष्य का सबसे बड़ा धन और हथियार कहा था। अगर मनुष्य शिक्षित होता है तो सबकुछ प्राप्त कर सकता है। स्वामी विवेकानंद जी ने भारत की पहचान भारत के संस्कृति और धर्म की पहचान पूरे विश्व में कराई। उन्होंने बच्चों से कहा की हमे स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलनी होगी तो कामयाबी जरूर मिलेगी। आज के युवा अपने आदर्शों से भटकते जा रहे हैं गलत आचरण में संलिप्त होते जा रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### रातूः फुटकलटोली से स्कार्पियो की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। अपराधियों ने बुधवार की रात फुटकलटोली के आलम अंसारी का घर के आंगन में खड़ी सफेद स्कार्पियो जेएच 01 बीपी 0515 को निशाना बना उसकी चोरी कर ली। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। श्री अंसारी ने रामगढ़ के रजरप्पा निवासी सुदीप कुमार सिंह से गाड़ी खरीदी थी। 9 बजे खाना खाने के बाद सो गये। गुरुवार की सुबह उठे तो स्कार्पियो को गायब पाकर उनके होश उड़ गये। काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चला। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### फरार पूर्व नक्सली को एसएसबी ने दबोचा

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के बधसई गांव निवासी पूर्व नक्सली डोका मुंडा उर्फ डिकी उर्फ डोका पहान को गिरफ्तार कर लिया हैं। इनके खिलाफ तमाड़ थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डोका मुंडा अपने घर में मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर 26वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के ऑपरेशन कमांडर अनुराग सिंह और कंपनी उप सेनानायक व तमाड़ पुलिस के नेतृत्व में छापामारी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### रोजगार मेले में 40 युवक-युवतियों ने कराया निबंधन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय में गुरुवार को कल्याण गुरुकुल के माध्यम से रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमे प्रखंड के अलग अलग पंचायत के बेरोजगार युवक युवतियों ने प्रशिक्षण एवम रोजगार हेतु कुल 40 लोगो ने मैन्युफैक्चरिंगए आई टी आईए कंस्ट्रक्शन एवं नर्सिंग हेतु अपना निबंधन कराया। रोजगार मेला के दौरान निबंधन कराएं हुए सभी युवक युवतियों को बेड़ो ब्लॉक से 17 जनवरी सोमवार को जमशेदपुरए खूंटी एवं बुंडू प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। प्रशिक्षण के 45 से 60 दिनों के अंदर उन्हें नौकरी दी जाएगी। मौके पर कल्याण गुरुकुल के विनीत सोनी मौजूद थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन का जन्म दिन मनाया

**कांके।** झामुमो सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के निर्माण में शिबू सोरेन का बड़ा योगदान रहा है। मौके पर खुर्शीद आलम राजेंद्र मुंडा राजन प्रखंड उपाध्यक्ष हनीफ अंसारी, नागेश्वरवर महतो, रवि बारला, अनमोल रतन सांचा, सबीबुल रहमान, सज्जाद अंसारी, रोशन मुंडा, महेन्द्र करमाली, सोनू मुंडा, नवीन तिर्की, सहित कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही इनके बेहतर स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना की।

### सोनाहातूः डहरे टुसू पर्व को लेकर विचार-विमर्श

**सोनाहातू।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा सतीघाट मेला स्थल में डहरे टुसू परब को लेकर सतीघाट मेला समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह मुंडा के अध्यक्षता में बारेंदा में बैठक संपन्न हुआ। 16 जनवरी को पंचपरगना क्षेत्र के अंतर्गत ऐतिहासिक सतीघाट टुसु मेला के शुभ अवसर पर डहरे टुसू पर्व तिलाईपीड़ी मोड़, टांगटांग मोड़ होते हुए बारेंदा चौक से सतीघाट जाने का अंतिम निर्णय लिया गया है। मेला में स्थानीय लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का निर्णय हुआ। मौके पर फुलचांद, गोपेश, त्रिलोचन, सुरेश चंद्र महतो, मुकेश, राजेश्वर कोइरीउपस्थित थे।

### बेड़ो में खराब स्ट्रीट लाइट की हुई मरम्मत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहालू पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांव में पूर्व में लगे सभी खराब स्ट्रीट लाइटों की की मरम्मत ई पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत के द्वारा कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं हम ग्रामीणों के हित के लिए है। हमें इसे सुरक्षित रखना चाहिए।

# लापुंग में जन आक्रोश रैली, थाना के समक्ष किया प्रदर्शन

## देवीगुड़ी में शिवलिंग को तोड़े जाने के विरोध में लापुंग में बंद असरदार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के फतेहपुर में देवीगुड़ी स्थित शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग को खंडित किए जाने के विरोध में सम्पूर्ण लापुंगए ककरियाए लालगंजए दोलैचा सहित कई गांवों में बंद का व्यापक असर देखा गया। वहीं दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठनों के द्वारा विशाल जन आक्रोश रैली निकाली गई। जन आक्रोश रैली का शुभारंभ फतेहपुर देवीगुडी. मंदिर परिसर से किया गया। मंदिर परिसर से लगभग 150 बाइक में सवार सैकड़ों लोगों ने फतेहपुर महूगांवए



लापुंगए लालगंज दोलैचा एककरिया तक जन आक्रोश रैली निकाली गई। ककरिया से पुनः आक्रोशित ग्रामीण फतेहपुर देवी मन्दिर पहुंचे। रैली के दौरान जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे । जन आक्रोश रैली के दौरान लापुंग थाना परिसर पहुंचकर मुखिया सविता उरांव के नेतृत्व में लापुंग के थाना प्रभारी को सुकुमार हेम्ब्रम को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया। मुखिया सविता उरांव ने कहा कि 24 घंटे के अंदर असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर पुलिस अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना परिसर के पास जमकर नारेबाजी की और मूर्ति को तोड़ फोड़ करने वाले अपराधी को अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग किया। जनाक्रोश रैली के दौरान जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि घटना को घटे 24 घंटे से अधिक हो गए लेकिन पुलिस के हाथ खाली हैं। सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उराँव ने कहा कि लापुंग प्रखंड में आपसी समरसता को तोड़ने की साजिश रची जा रही है।

## 10वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट समिति का गठन

**सोनाहातू।** 19 फरवरी को आयोजित 10 वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गुरुवार को थाना मैदान में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष विरेंद्र सिंह मुंडा, सचिव सावना महली, कोषाध्यक्ष खंजन महतो, सह कोषाध्यक्ष सुशेन प्रमाणिक, संयोजक तारणी सिंह मुंडा और संजय कुमार महतो, सह संयोजक राजेंद्र महतो और अभिराम महतो, संरक्षक चितरंजन महतो बनाये गये हैं।

## बीडीओ ने किया विकास योजनाओं का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने गुरुवार को डोरंडा पंचायत का दौरा करते हुए विकासशील योजनाओं का निरीक्षण किया।इस दौरान प्रधानमंत्री आवासए15 वें वित्त एकृषि ऋण माफी एवं अन्य योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही पंचायत के बिल्टी एकमल टोली व सेरो गांव में कई योजनाओं का निरीक्षण किया। इधर दौरे के क्रम में बीडीओ ने बिल्टी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का



निरीक्षण किया। जिसमें 25 बच्चे उपस्थित थे। आंगनबाड़ी केंद्र की सफाई समुचित नहीं रहने पर मौजूद सेविका को आंगनबाड़ी केंद्र को साफ सुथरा रखने का कड़ा निर्देश दिया। वहीं आंगनबाड़ी भवन का प्लास्टर उखड़ा हुआ देख कर तत्काल कनीय अभियंता को प्राक्कलन तैयार कर आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मती एरंग रोगन का कार्य, शौचालय एवं पानी की व्यवस्था हेतु 15 वें वित्त से कार्य करने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया।

## कांकेः अतिरिक्त महानिदेशक ने किया सीआईपी का निरीक्षण

**कांके।** अतिरिक्त महानिदेशक स्वास्थ्य सेवा केंद्र सरकार डॉक्टर अनिल कुमार और डॉ अत्रेई गांगुली राष्ट्रीय पेशेवर अधिकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत ने गुरुवार को सीआईपी का भ्रमण किया भ्रमण के दौरान निदेशक डॉक्टर वासुदेव दास ने यहां चल रही गतिविधियों मरीजों की सेवा संस्थान के कार्यकलापों के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया उन्होंने संस्थान में किए जा रहे कार्यों को देखा तथा जानकारी हासिल की वे पुरुष और महिला वार्ड एफएमआरआई हॉस्टल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। संस्थान में मौजूद सुविधाओं की सराहना की तथा लाइब्रेरी के कैटिगराइजेशन की बात कही। उन्होंने संस्थान के विकास के लिए महत्वपूर्ण लंबे समय से लंबित पड़े डीआईबी के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की बात कही। संस्थान में अपना ओपीडी भवन के साथ 500 शैया वाले नए हॉस्पिटल का निर्माण हो सकेगा।

## हुंडरू फॉल के टुसू मेला के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श

**सिकिदिरी।** मकर संक्रांति के अवसर पर हुंडरू फाल में 15 जनवरी को आयोजित एतिहासिक टुसू मेला के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को सिकिदिरी थाना की पुलिस, स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों की बैठक हुई। अध्यक्षता सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने किया। मेला के दिन विधि.व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मेला को सफल बनाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस समन्वय बनाकर काम करेंगे। ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया ने बताया कि मेले में भीड़ को देखते हुए 50 स्वयंसेवक तैनात रहेंगे।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता बेटियों को मिला सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छह बेटियों ने पुरस्कार जीत ओरमांझी क्षेत्र का मान बढ़ाया है। चार व पांच जनवरी को तालकटोरा इनडोर स्टेडियम न्यू दिल्ली में आयोजित (जीयोन-ही-कप) इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ओरमांझी क्षेत्र के टिकैत उमराव से शेख भिखारी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की छह छात्राएं शामिल थीं। जिसमें बबली कुमारी रजत पदक और नंदनी कुमारी, शोभा कुमारी, अर्चना कुमारी, प्रियंका कुमारी, करिश्मा कुमारी ने



अपने स्कूल में शिक्षक व साथी छात्राओं के साथ पदक विजेता बेटियां।

कास्य पदक जीते। विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर सभी छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सपना कुमारी छात्राओं के साथ खिलाड़ियों के कोच शकील अंसारी को भी सम्मानित की और कहा सभी छात्राएं गांव से आती हैं। इससे स्कूल के अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। वहीं झारखंड यूनाइटेड ताइकांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सचिव शकील अंसारी और टीम के कोच जमील अंसारी ने बताया विभिन्न आठ देश के खिलाड़ी प्रतियोगिता में पहुंचे थे। मौके पर विद्यालय के शिक्षिका ज्योति कुमारी, फखरा खातून, सोनिया कुजुर, रश्मि सिन्हा, राजकुमार नायक, आसिफ हुसैन एवं विद्यालय के अन्य कर्मी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# फुटबॉल टूर्नामेंटः खिलाड़ियों को दी जायेगी मदद: अमर बाउरी

## ग्रामीण प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट में पाली बना चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** नवीन स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से सीएन राज हाई स्कूल मैदान में आयोजित ग्रामीण प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पाली ने बाजपुर को सीधे मुकाबले में 1-0 से शिकस्त देकर चैंपियनशिप जीत ली। अरविंद खलखो ने गोल दाग खेल को रोमांचक बना दिया। पराजित टीम कोई गोल न कर सकी। इससे पूर्व बालिका प्रदर्शनी मैच में सिकीदिरी ने ट्राई ब्रेकर के जरिये ओरमांझी को 4-3 से पटकनी दी। पूर्व मंत्री अमर बाउरी खास मेहमान थे। उन्होंने विजेता, उप विजेता, बानापीड़ी व



### इन्होंने निभायी भूमिका

राहुल कुमार सिंह, रामधीर तिवारी, कृष्णा भगत, इमरान खान, ईश्वर गोप, देवेंद्र सिंह, रूपेश गोप, एसपी साहू, हजारी साहू, राजेश सिंह, संजय राय, प्रदीप टोप्पो, रामानंद तिवारी, रमेश साहू, संजय मिश्र, बिमल उरांव, सत्यनारायण यादव, प्रवीण सिंह, मुकेश भगत, अमित गोप, चंदर उरांव, मंटू सिंह, अरविंद उरांव, बीरेंद्र उरांव, जीवनजीत मिर्धा, अमित तिवारी, सुनिल गोप, राधा उरांव, पंचम किस्पोट्टा, बंधन उरांव, परमेश्वर सिंह, सुबोध साहू, रितेश साहू, राजधन उरांव व चंद्रनाथ महतो आदि।

बिजुलिया को क्रमशः 51, 31, 21, 11 हजार नकद, ट्रॉफी व प्रतियोगिता के सभी 32 टीमों को जर्सी भेंट की और खिलाड़ियों को भविष्य में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बाजपुर के धीरज उरांव बेस्ट डिफेंडर, पाली के रिसव बेस्ट गोल कीपर, पाली के दरवेंद्र उरांव मैन ऑफ द मैच व इसी टीम के अरविंद को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। समारोह में राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य साहू ने भी अपनी बातें रखी। इस दौरान नागपुरी गीत-संगीत का भी दौर चला। पवन रॉय, इग्नेश तिर्की, केशव केशरिया, सुनैना कच्छप व सुमन गुप्ता ने गायन कला की छटा बिखेरी। संचालन जेम्स खलखो ने किया।

### खुलेगा खेल प्रशिक्षण केंद्रः नवीन जायसवाल

अकादमी के संरक्षक व विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना है। खिलाड़ियों के जोश ने यह साबित कर दिया कि गांवों में फुटबॉल की असीम संभावनाएं है। इसमें निखार लाने और लोगों को रोजगार से जोड़ना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की भी घोषणा की।

### समारोह में लिया हिस्सा

डॉ लक्ष्मण उरांव, संगीता तिर्की, सपन कुमार महथा, लाल प्रमोद नाथ शाहदेव, देवचारण उरांव, मानकी राजेंद्र शाही, अजय तिवारी, अशोक तिर्की, अमरनाथ चौधरी, सारिका शर्मा, देविया उरांव, अजित भगत, नरेश पाहन, दिनेश उरांव, सुषमा तिर्की, लखिया देवी, सुनीता देवी, फुलमनी देवी, ज्योति भगत, सोनी भगत, सीताराम भगत, रीता भगत, सीताराम सिंह, रामकेश मीणा, विपिन खलखो, केके गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रीति देवी, करुणा देवी, राकेश केशरी, केदार महतो, परमेश्वर गोप, श्रीकांत पाठक, चंपा पाठक, राजकुमार बर्मन, हरि साहू, अंजुम खान, महेश्वरी देवी, संजीव तिवारी व जयश्री कुमारी आदि।

## एक नजर में

### इटकी में सुरक्षा जवान के लिए विशेष भर्ती कैंप



**इटकी।** इटकी थाना परिसर में गुरुवार को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा द्वारा सुरक्षा जवान के लिये विशेष भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में लिखित परीक्षा और शारिरिक माप के आधार पर 30 युवकों का चयन किया गया। मौके पर उपस्थित भर्ती अधिकारी गौतम कुमार सिंह ने बताया चयनित अभ्यर्थियों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में जवानों को ड्रील, पीटी परेड, कम्प्यूटर और फायर से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेग। प्रशिक्षण के बाद बड़े बड़े संस्थानों में पोस्टींग किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि रांची जिला में विशेष भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला के सभी थाने में क्रमवार कैंप का आयोजन किया गया है। यह अभियान 17 जनवरी तक विभिन्न थानों में जारी रहेगा।

### ट्रांसफारमर से क्वायल और तेल की चोरी

**पिपरवार।** बुधवार की रात्रि को कारो गांव में ट्रांसफार्मर का ढांचा छोड़कर क्वायल और तेल की चोरी हो गई। इससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में है और ग्रामीण डर के माहौल में जीने वो विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन भी चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। चोरों ने 1 महीने के अंदर दो बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। बहेरा पंचायत की मुखिया ने प्रशासन से चोरों की गिरफ्तारी की मांग की हैं।

### फर्जी कागजात से जमीन बेचने का प्रयास डीसी से लगाई जमीन बचाने की गुहार

**ओरमांझी।** रांची आसपास के थाना क्षेत्रों में भू-माफिया द्वारा फर्जी कागजात तैयार कर किसी दूसरे की जमीन को बेचने का खेल जोरो से चल रहा है। एक ऐसा ही माला पिठोरिया थाना का है। जहां खाता-379 प्लाट- 61 की 3.17 एकड़ की एक कीमती भूमि को थाना क्षेत्र के लोगों द्वारा आरएसएन ग्रुप कंपनी से बिक्री करने का प्रयास की जा रही है। भुमि मालिक के वंसजों द्वारा डीसी रांची से शिकायत कर जमीन बचाने की गुहार लागाई गई है। इससे पूर्व में मामला एसडीओ कार्ट में भी ले जाया गया था। स्थानीय थाना पुलिस द्वारा जांच रिर्पोट भेजी जा चूकी है। बावजूद दबंगो द्वारा जबरन फर्जी कागजात की मदद से जमीन बेचने का प्रयास किया जा रहा है।

### खुखरा पंचायत को पुनः बेड़ो थाना क्षेत्र में जोड़ने से ग्रामीणों में हर्ष



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के खुखरा पंचायत को नवसृजित नरकोपी प्रखंड के पुलिस थाने से हटाकर पुनः बेड़ो पुलिस थाने के अधीन करने से पंचायत के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। नवसृजित नरकोपी पुलिस थाने की दूरी अधिक होने से आमजन की समस्या को देखते खुखरा को वापस बेड़ो पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन करने की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार किया जा रहा था। जहां ग्रामीणों ने गुरुवार को पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजुर का गांव में पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत व आभार व्यक्त किया गया। ज्ञात हो कि गंगोत्री कुजुर अपने कार्यकाल के दौरान अपने अथक प्रयास से पुलिस प्रशासन के डीजीपी से लेकर गृह सचिव और मुख्य सचिव तक लगातार पत्राचार किया था।

### प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा का जन्मदिन मना



**कांके।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों ने कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा के जन्म दिवस के मौके पर प्रखंड कार्यालय में स्थित प्रमुख कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन मनाया। इसके बाद केक और मिठाई सभी कार्यकताओंए पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणो को बांट कर खिलाई। इस मौके पर लोगों ने उनका माल्यार्पण कर बुके देकर और गिफ्ट देकर जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही इनके बेहतर स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना की। सभी ने कहा कि सोमनाथ मुंडा एक सच्चे जनप्रतिनिधि हैं। और हमेशा गरीबों सहित ग्रामीणों की सहायता करते आए हैं। इन्हीं की बदौलत यह प्रमुख बने और कांग्रेस पार्टी में भी इनका अपनी अलग पहचान है।

## स्पीड न्यूज

### मजदूर समस्याओं को लेकर आरसीएमएस ने रोकी ट्रास्पोर्टिंग

**भौंरा।** मजदूरों कि पन्द्रह सुत्री मांगों को हल करने व युनियन को उपेक्षा करने को लेकर निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर कांग्रेस ने परसिया बाद मोड़ पर फोर ए पेंच का कोयला परिवहन कार्य ठप रखा करिब तीन घंटा परिवहन कार्य ठप रहने के कारण दर्जनों गाड़ी का कतार लग गई घंटों जाम रहने के बाद पिओ पंकज कुमार ने दुरभाष पर कांग्रेस नेता रंजीत यादव से बात कर मजदूरों कि समस्या को लेकर सोमवार को वार्ता करने कि पहल पर सहमति जताई सहमति के बाद कोयला परिवहन कार्य शुरू किया गया अवसर पर बबलु महतो संजय महतो सुभाष ठाकुर राजु पासवान राजेंद्र मांझी विनय कुमार संतोष कुमार सावित्री देवी सिमा देवी उर्मिला देवी शिला देवी रिंकू अंसारी इन्द्र देव यादव अनिता मिश्रा सहित दजनो लोग उपस्थित थे।

### डीएवी सिंदरी में लघु नाटिका प्रस्तुत कर मना राष्ट्रीय युवा दिवस

**सिन्दरी ।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी में राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित एक लघु नाटिका का मंचन किया गया। इसमें कक्षा छः के स्कूली छात्र छात्राओं ने अपनी अभिनय प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आशुतोष कुमार ने स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी द्वारा सन 1893 में शिकागो में हुई धर्म संसद में हिंदी संबोधन से पूरे दो मिनट तक आर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ शिकागो में तालियाँ गूँजती रहीं। उन्होंने अपने मृत्यु की भी भविष्यवाणी कर रखी थी। कक्षा आठवीं के छात्र आदित्य नारायण ने अपने वक्तव्य से सभी का मन मोह लिया। वहीं शौर्य पाठक ने सभी को विवेकानंद जी की प्रतिज्ञा दिलाई।

### नाबालिग बाइक चालक ने बुजुर्ग महिला को मारी ठोकर, रिम्स रेफर

**कतरास।** अगर आप कतरास के बाजार में सड़कों पर निकलते हैं तो सावधानीपूर्वक चलिए नहीं तो कब किधर से आकर कोई नाबालिग बाइक सवार या नाबालिग टोटो चालक ठोकर मार देगा, और आप बेवजह मुसीबत में पड़ जाएगा। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को कतरास थाना क्षेत्र के कतरास राजगंज रोड एलआईसी ऑफिस के पास देखने को मिला जहां एक 65 वर्ष की बुजुर्ग महिला बिणा चंद्रा अपने पोते के साथ बैंक के काम से एलआईसी के पास खड़ी थी। उसी वक्त एक नाबालिक बाइक सवार अपाचे बाइक संख्या (जेएच10 बी भी 5338) से तेज रफ्तार से आया और बुजुर्ग महिला को ठोकर मार दी । टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला का पैर चकनाचूर हो गया, सर में गंभीर चोट लगी। स्थानीय नर्सिंग होम में उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### रामरूद्र चास में बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

**बोकारो।** रामरूद्र चास में बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी को एसडीओ चास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने की बात कही।मौके पर नेहरू युवा केंद्रए स्काउट एंड गाइडएएनसीसी के युवाए खेल पदाधिकारी मारकस हेम्ब्रमए स्कूल के प्राचार्यएखेल शिक्षक डॉ रवि भूषणए कोच चौहान महतो एवं खेल विभाग के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### पशु सखियों को मिला वैक्सीनेशन किट

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के फार्म टांड़ स्थित आजीविका संसाधन केन्द्र में आजीविका पशु सखियों के बीच गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं कसमार मुखिया रईस कौसर के द्वारा वैक्सीनेशन किट वितरित किया गया। मौके पर डीपीएम अनिता केरकेट्टा, डीएलएम कौशिक कुमार चौबेए डीएफएम रामकृष्ण पाठक, बीपीएम संजीव कश्यप, एफटीसी राजकुमार सिंहए जीआरसी कोऑर्डिनेटर रजत कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

# गुरु की महिमा से ही विवेकानंद जैसे रत्नों का होता है निर्माण

### सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह एवं पूर्व छात्र सम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर सिनिडीह में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने दीप प्रज्वलन किया एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युग द्रष्टा एवं युग श्रष्टा थे जिन्होंने बिखरे हुए भारतवर्ष को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि गुरु की महिमा से ही विवेकानंद जैसे रत्नों का निर्माण होता है। युवा देश के कर्णधार होते हैं युवाओं को अपनी शक्ति को पहचान कर कार्य करना होगा तभी देश का उत्थान संभव है। अपने उद्बोधन में उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारतवर्ष के महानायक थे जिन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि आगे बढ़ो और तब तक नहीं रुको जब तक तुम्हारा उद्देश्य पूर्ण नहीं हो जाए। उन्होंने कहा कि स्वामी जी हमेशा कहते रहते थे कि स्वस्थ रहकर ही जीवन जीना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा निवास करती है। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र भैया सागर ने विवेकानंद द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा की और कहा कि शताब्दियों में ही ऐसे महापुरुषों का जन्म होता है। मौके पर कक्षा दशम की बहन तान्या सिन्हा ने विवेकानंद से संबंधित गीत प्रस्तुत किया , वहीं कक्षा एकादश की बहन प्राची ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें युगपुरुष बताया। अपने उद्बोधन में कक्षा एकादश की बहन आंचल चौरसिया ने विवेकानंद को महानायक बताते हुए उन्हें नमन किया और उनके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा की। कक्षा नवम के भैया एशिक चंद्रा ने स्वामी विवेकानंद के द्वारा किए गए महान कार्यों की विस्तृत व्याख्या की और उन्हें नए भारतवर्ष का निमार्ता बताया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के आचार्य श्री अरविंद कुमार ने किया ।



### संस्कार ज्ञानपीठ में स्वामी विवेकानंद जयंती

बाघमारा। गुरुवार को संस्कार ज्ञानपीठ पीयूष विहार हरिणा में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक (प्रबंधन) नीरजा राय प्राचार्य रश्मि कुमारी उप प्राचार्य राहुल कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्वामी जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी । इस अवसर पर डॉ राय ने बच्चों को संबोधित करते हुए बच्चों से अपील की कि स्वामी जी की लिखी हुई पुस्तक को पढ़ें और उनके कुछ वाक्यों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें तथा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से भी आग्रह किए कि स्वामी जी की जयंती के शुभ अवसर पर अपने जीवन में एक शपथ लें और उसको जीवन में उतारने का प्रयास करें।

### टाटा डीएवी जामाडोबा में मना युवा महोत्सव

**जामाडोभा।** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा की विशेष प्रार्थना सभा में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजीव कुमार श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रार्थना सभा में उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों ने भी पुष्प अर्पित कर विवेकानंद को श्रद्धांजलि दी। ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा पायल के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर भाषण दिया गया। कक्षा छठवीं वर्ग डी के छात्र विनायक चौबे ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित एक अच्छी कविता सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा सातवीं की छात्रा मालविका चौहान ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित प्रश्न किए जिसका उत्तर प्रार्थना सभा में उपस्थित बच्चों ने दिया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने सोशल मीडिया का आज के युवा पर क्या प्रभाव पड़ा है इस पर आधारित एक संदेश देते हुए इससे बचने के लिए एक लघु नाटिका प्रस्तुत की । समाजशास्त्र के शिक्षक श्री दिलीप कुमार गुप्ता और रसायन शास्त्र के शिक्षक संजीव कुमार श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

## यूथ फोर्स के विवेकानंद जयंती में पहुंचे दीप नारायण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास/तोपचाची।** गुरुवार को तोपचांची, हीरापुर यूथ फोर्स कार्यालय में यूथ फोर्स के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। स्वामी जी से प्रेरणा लेकर यूथ फोर्स लगातार सेवा का कार्य कर रही है। पिछले 15 वर्षो से टुंडी के गांव - गरीब, मजदूर - किसान की सेवा करते हुए युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम यूथ फोर्स कर रही है। जिसका परिणाम है कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र के युवा सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ कर समाज के बीच अच्छा काम कर रही है। और इसी कड़ी में बढ़ती ठंड को देखते हुए यूथ फोर्स के युवा साथीयों जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण करने का काम कर रही है । युवाओं का सहयोग से यूथ फोर्स का प्रयास है कि हम अधिक से अधिक समाज के जरूरतमंद लोगों का सेवा करें। इस अवसर पर फुलचंद दास, बिन्दु देवी, नुनु मनी सिंह,अशोक कुमार दास , मिट्ठू रजवार, तारकेश्वर दास,साधन दा, बिरजू दास,सपन दुबे,हरजीत सिंह, शिव लाल हेम्ब्रम, भागीरथ सिंह,प्रिंस कुमार उपस्थित रहे।

### केबी कॉलेज बेरमो में विवेकानंद जयन्ती

बेरमो। केबी कॉलेज बेरमो में बृहस्पतिवार को एन एस एस के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ० के ०पी० सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी जी की वाणी युवा पीढ़ी के लिए हमेशा प्रासंगिक रहेगी ।जबकि इस मौके पर कॉलेज के प्रोफेसर जिसमें मुख्य रूप से प्रो एल एन राय ए प्रो गोपाल प्रजापतिए डॉ वासुदेव प्रजापतिए एन एस एस क प्रो अमित कुमार रविए प्रो राजू कुमार बड़ाईकए डॉ० प्रभाकर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## तोपचांची में डहरे टुसू महोत्सव में टुसू गीतों से मंत्रमुग्ध हुए लोग

**गोमो।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत मानटांड से तोपचांची झील नेहरू चौक तक 'डहरे टुसू' महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सदानंद महतो ने किया. कार्यक्रम में हजारों संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चियां मौजूद थी. टुसू दलों के द्वारा टुसू गीतों के माध्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध किया गया। टुसू गीत पर लोग झूमते देखे गए। संस्कृति को बचाने के लिए महिलाओं के साथ साथ पुरुष भी आगे आएं.गीत संगीत तथा वाद्य यंत्र के साथ कई दल शामिल थे. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रतिनिधि माननीय श्री हलधर महतो मौजूद थे.श्री महतो ने कहा कि झारखंड की संस्कृति का पहचान टुसूपर्व से है.यह पर्व बड़ा ही पवित्र है. यह पर्व पूस माह के अघन सकरात को मनाया जाता है.यह पर्व महिलाओं को पूर्ण रूप से समर्पित है.वही मौके पर जिप सदस्य वीना देवी ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारा पहचान है.इसे बचा कर तथा संजो कर रखने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम प्रकाश महतो,सुरेश महतो,अनिल महतो, सरोज महतो, तुलसी महतो बिंदेश्वर महतो, अनिल महतो महावीर महतो,सुभाष महतो प्रेमचंद महतो,बैजनाथ महतो सरोज महतो,सरजू प्रसाद महतो पिंकी देवी आदि शामिल हैं।

## युवा दिवसः एसवीएम में पूर्व छात्र परिषद का समागम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर आयोजित युवा दिवस सह पूर्व छात्र परिषद समागम के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ अरुण कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि शिव कुमार सिंह, प्राचार्य रण सुमन सिंह, सचिव सिदेश नारायण दास की उपस्थिति में सभी वक्ताओं ने स्वामीजी के विचारों को आत्मसात करने पर जोर दिया। मंच संचालन छात्र परिषद के लक्ष्मण सिंह और अर्चना ने किया। अध्ययनरत छात्र. छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति की गयी। पुरातन छात्रों ने समिति का गठन किया जिसमे लक्ष्मण सिंहए अर्चनाए संजीव सिंह को क्रमशः अध्यक्षए सचिवए कोषाध्यक्ष तथा सभ्यता पुष्पए संजय कुमारए आनंद ;अन्नूद्धए रुद्र नारायण पांडेए अविनाश कुमारए अरविंद कुमार सिंहए लक्ष्मणए राहुलए संजय को कार्यसमिति सदस्य का दायित्व दिया गया। मौके पर विद्यालय के प्रथम बैच 1986 से अब तक के पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

### जन संघर्ष मोर्चा ने मनाई विवेकानंद की जयंती

**बोकारो।** जन संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की 161 वी जयंती के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में सभी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने विचार रखे और उनके विचारों को विशेषकर युवाओं हेतु प्रेरणादायी बताया। मौके पर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, करमचंद गोप, गोपाल साह, दुलाल हालदार, अभिमन्यु महतो, विष्णु प्रसाद मौजूद थे।

## पूंजी तुम्हारी जमीन हमारी, बराबर होगी हिस्सेदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तीसरा।** मकुंडा के कारीटांड मैदान में झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले खतियानी महा जुटान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के टाइगर जयराम महतो ने कार्यक्रम में शिरकत किया कमेटी के सदस्यों ने टाइगर जयराम महतो को माला पहना कर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया बता दें कि मुकुंदा और सुरंगा मौजा के 125.49 एकड़ जमीन बीसीसीएल मेगा प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित करेगी जिसमें 645 परिवार के ग्रामीणों का जमीन है जिसको बीसीसीएल अधिग्रहित करके मेगा प्रोजेक्ट के तहत कोयला उत्खनन करेगी। वही सभा को संबोधित करते हुए सुमन महतो ने कहा कि हमें बीसीसीएल के पैसा और नौकरी नहीं चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि आज हम आदिवासी मूलवासी पर जब जब विपदा आई है तब हमें अपनी ताकत का पता चला है।

### 1932 पर आधारित गाना को जयराम महतो ने किया लांच

कार्यक्रम के दौरान गोड्डा के गायक सूरज ने 1932 और जयराम पर आधारित अपने रैंप गाना को लॉन्च टाइगर जयराम महतो के हाथों करवाया साथ ही कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा एल्बम में गाए गए गानों को ग्रामीणों के बीच गाकर लोगों को अपनी जमीन और हक और अधिकार के लिए प्रेरित भी किया बता दें कि इस गाने का एल्बम का नाम टाइगर अभी जिंदा है रखा गया और यह गाना का बोल जय राम अभी जिंदा है से शुरू किया गया। गायक सूरज गोड्डा के रहने वाले हैं और गुड्डा से सिर्फ जयराम महतो के हाथों लांच करवाने के लिए मकुंडा आए हैं।

जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ने वाले झारखंड भाषा संघर्ष समिति के टाइगर जयराम महतो ने ग्रामीणों को अपने जमीन नहीं देने के लिए जागरूक किया साथ ही उन्होंने अपने भाषण के माध्यम से ग्रामीणों को जमीन की कीमत को भी समझाया उन्होंने कहा कि अभी ग्रामीणों को जमीन की वैल्यू नहीं समझ में आ रहा है लेकिन इसकी कीमत उन्हें 10 साल के बाद उनके बच्चों को चुकानी पड़ेगी अगर यहां पर कोयला उत्खनन होता है तो उन्हें नियोजन भी नहीं मिलेगा और इलाका वीरान हो जाएगा।



### पैसा के बदले पैसा बनाने आता तो झरिया का मेंशन हम ग्रामीण होतेः जयराम महतो

टाइगर जयराम महतो ने सभा के दौरान सिंह मेंशन पर भी निशाना साधा है उन्होंने कहा कि हम लोग आम ग्रामीण लोग हैं हमें पैसा के बदले पैसा कमाना नहीं आता अगर हमें पैसा के बदले पैसा बनाना आता तो झरिया के सिंह मेंशन हम लोग होते आज बिहार से आरा छपरा और बलिया से लोग आकर हमारे जमीन पर बस कर हमारे जमीन का सौदा करके पैसा से पैसा बना रहे हैं और हम कंगाल होते जा रहे हैं यह हमारा नस्ल में नहीं है इसलिए हम लोग जमीन के बदले जमीन लेंगे ना कि पैसा लेंगे।

# प्रत्येक युवा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को समझें

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा में पूर्व छात्र सम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बाघमारा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडे, प्राचार्य संतोष कुमार झा व आचार्यों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य महोदय ने भैया-बहनों को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का संपूर्ण जीवन सभी के लिए अनुकरणीय और वंदनीय है। वे युवाओं के प्रेरणा स्रोत है। आज जरूरत है कि प्रत्येक युवा उनके विचारों को सुने और समझे। भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में उन्होंने भारतीय संस्कृति को एक विशेष पहचान दिलाई। यही कारण है कि उन्हें भारत में ही नहीं विदेशों में भी पूजा जाता है। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव महोदय ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्तित्व निर्माण आवश्यक है और व्यक्तित्व निर्माण के लिए विवेकानंद को पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। आज सभी भैया-बहन यह संकल्प लें कि वे विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँगे।



### अपने आचरण को समाज में प्रचारित करें

कार्यक्रम के संयोजक पूर्व छात्र संजय वर्णवाल जी ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा हम सभी विद्या भारती के छात्र हैं और हमारा यह दायित्व बनता है कि हम अपने संस्कारों और मूल्यों को अपने आचरण और व्यवहार से समाज में प्रचारित व प्रसारित करें। आज के मुख्य वक्ता आचार्य देवव्रत साहनी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों को भैया-बहनों के समक्ष रखा। विद्यालय के भैया-बहनों व पूर्व छात्रा बहन नंदिनी ,आशा ,भैया रातुल, दीपक प्रसाद और अभिषेक ने भी अपने अनुभवों व विचारों को साझा किया। विद्यालय परिवार द्वारा पूर्व छात्रों के आगमन पर हर्ष व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभारी प्राचार्य संजय सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त आचार्य बंधु-भगिनी का सराहनीय योगदान रहा।

## पेज एक का शेष

### हिंदुओं को भी...

त्रिपुरा, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तमिलनाडु, मणिपुर, नागालैंड, पंजाब, छत्तीसगढ़, असम और आंध्र प्रदेश ने अल्पसंख्यक का दर्जा राज्य स्तर पर तय किये जाने का सुझाव दिया है। वहीं उत्तर प्रदेश, मेघालय, महाराष्ट्र, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय या केंद्रीय स्तर पर निर्धारण की राय दी है। मिजोरम ने केंद्र-राज्यों, दोनों के पास अधिकार होने और गोवा ने कोई राय नहीं देते हुए सिर्फ अल्संख्यकों का आंकड़ा दिया है। वहीं केंद्र शासित प्रदेशों ने केंद्र सरकार के तहत चलने की बात कही है।

### लुकैया जंगल में...

**लुकैया गढ़ा जंगल में जुटे थे उग्रवादी :** गुरुवार की शाम चैनगड़ा के लुकैया जंगल में हुए मुठभेड़ में टीपीसी के तीन उग्रवादियों को गोली लगने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी की बुढ़मू, ठाकुरगांव, पिठोरिया थाना क्षेत्र के सीमावर्ती लुकैया गढ़ा जंगल मे टीपीसी उग्रवादी किसी आपराधिक योजना को अंजाम देने के उद्देश्य से जुटे हैं। इसी आधार पर एसएसपी ने डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में एक टीम वहां पहुंची। पुलिस को देखते ही न्कसलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल से दो इंसास राइफल, 46 गोलियां सहित कई अन्य सामान बरामद किया है। टीम में झारखंड जगुआर, एसएसपी के स्पेशल क्यूआरटी टीम समेत बुढ़मू, ठाकुर गांव, पिठोरिया पुलिस जवान शामिल थे। दोनों ओर से लगभग दो दर्जन राउंड गोली चली। जंगल में टीपीसी के प्रवक्ता अरविंद तिवारी, मुरारी जी का दस्ता था। पुलिस जंगलों में आगजनी करने वाले उग्रवादियों की तलाश में जुटी हुई थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान ही यह मुठभेड़ हुई।

### नये को बढावा...

उन्होंने जियाडा द्वारा लैंड एलॉटमेंट पद्यति में संशोधन की आवश्यकता, औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भूमि पर कब्जा में परेशानी, सब्सिडी के रिम्बर्समेंट में समस्या, डेट ऑफ प्रोडक्शन सर्टिफिकेट के मिलने में विलंब, राजस्व संग्रह में वृद्धि के साथ ही रोजगार सृजन हेतु बंद पडे खदानों को जल्द चालू करने तथा सिंगल विंडो सिस्टम के पूर्णरूपेण कार्यरत नहीं रहने के कारण हो रही समस्याओं से अवगत कराया। बैठक के दौरान ही राज्य के उद्यमियों की ओर से प्राप्त समस्याओं का संकलन कर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा उद्योग सचिव को ज्ञापन भी सौंपा गया। **स्थानीय को प्राथमिकता मिले :** उद्योग उप समिति के चेयरमेन बिनोद अग्रवाल और उद्यमी अजय भंडारी ने संयुक्त रूप से कहा कि बाहरी निवेशकों को प्राथमिकता देने के बजाय स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की पहल होनी चाहिए। क्योंकि हम ही रियल इन्वेस्टर्स हैं। जब पूर्व से स्थापित उद्योगों की हालत ठीक होगी, तब नये निवेश स्वतः ही आयेंगे। उद्योग निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह ने सभी को आश्वस्त किया कि राज्य के उद्यमियों के प्रोत्साहन हेतु के लिए हर स्तर पर प्रयास होगा। एडवांटेज झारखण्ड पोर्टल के माध्यम से सिंगल विंडो सिस्टम से ही उद्योग विभाग से जुडे सारे क्लियरेंसेस समयबद्ध रूप से क्लियर किये जा रहे हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि वित्तिय वर्ष 2022-23 में पीएम गति शक्ति योजना के तहत 169 करोड के प्रोजेक्ट स्वीकृत हुए हैं जिस अंतर्गत निरसा में 35 एकड भूमि पर लॉजिस्टीक पार्क का निर्माण और रांची में ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण होना है। उन्होंने राज्य में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को अधिकाधिक स्थापित कराने में स्टेकहोल्डर्स का सहयोग मांगा। बैठक में चैंबर महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन भी अपना विचार रखा।**बैठक में ये लो थे मौजूद :** बैठक में जियाडा रांची के रिजनल डायरेक्टर अजय कुमार सिंह, सचिव नागेंद्र पासवान, बियाडा के अनुज कुमार, बोकारो की कीर्तिश्री जी, आदित्यपुर की प्रेम रंजन, एसपीयाडा के शैलेंद्र लाल, चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव डॉ0 अभिषेक रामाधीन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो, प्रवक्ता ज्योति कुमारी, पूर्व अध्यक्ष रंजीत टिबडेवाल, कार्यकारिणी सदस्य परेश गट्टानी, विकास विजयवर्गीय, उद्योग उप समिति के चेयरमेन बिनोद अग्रवाल, उद्यमी अजय भंडारी, बिनोद तुलस्यान, सुरेश अग्रवाल, एसपी सिंह, एसके प्रसाद, सुबोध प्रसाद, मिथुन तिवारी, अमन चौरसिया, एनके पाटोदिया, कमल अग्रवाल, शैलेंद्र सुमन, अनिश सिंह, राजीव अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, राजेष बुधिया, दीपक अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, रमाकांत सिंह, किशन अग्रवाल, अविनाश चंद्रा, जेपी शर्मा, मनीष साहू, सुधीर सिंह के अलावा सैकडों उद्यमी उपस्थित थे।

### युवा शक्ति देश की...

अगले 25 साल राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। युवा शक्ति के सपने भारत की दिशा तय करते हैं। युवा शक्ति की आकांक्षाएं भारत की मंजिल तय करती हैं। युवा शक्ति का जुनून भारत की शक्ति तय करता है। युवा होना हमारे प्रयासों में गतिशील होना है।
**विकसित युवा, विकसित भारत की थीम पर महोत्सव :** राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम सात दिनों तक चलेगा। इसमें 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों के युवा शिरकत कर अपनी प्रतिभा की झलक भी दिखाएंगे। इस बार का राष्ट्रीय युवा महोत्सव युवा शिखर सम्मेलन का भी साक्षी बनेगा, जिसमें जी-20 और वाई-20 आयोजनों से देश और दुनिया को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन हर साल हमारे प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति का विश्व बंधुत्व का संदेश प्रदान करने के लिए किया जाता है। यह देश के सभी हिस्सों से विविध संस्कृतियों को एक साझा मंच पर लाता है और प्रतिभागियों को एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना से जोड़ता है।

### सरायकेला में सड़क...

तेज रफ्तार के कारण लेकड़ा कोचा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना की सूचना पाकर राजनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर पहुंचाया। इलाज कर रहे डॉ जगन्नाथ हेम्ब्रम ने बताया घटना में तीन की मौत मौके पर ही हो गयी। मजीएम रेफर सुनीता बांनरा नामक महिला की मौत इलाज के क्रम में हो गयी। एएमजीएम भेजे गए घायलों में मनीषा गोप (उम्र 35) ग्राम पुराना पानी, मुन्नी खंडायत (32) गगरी, बबलू बानरा (32) गालुबासा, नीतिमा हाईबुरु (28) गालुबासा, मैचो बानरा (45) गगरी, सुनीता बानरा (35) गगरी (एमजीएम में मौत), सुनीता बानरा (20) गगरी, मिनी बानरा (19) गगरी, सालो बानरा (18) गगरी के नाम शामिल हैं।

### अब सरकारी स्कूलों ...

प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को अन्य राज्यों में संचालित हो रहे ऐसे स्कूलों की व्यवस्था देखने को एक्सपोजर विजिट भी कराये जाने की योजना है। जनवरी माह में प्रधानाध्यापकों में क्षमता वर्धन के लिये आईआईएम द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा, जबकि माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का शिक्षा आवश्यकता आकलन टीएनए के लिये अजीम प्रेमजी फाउंडेशन फ्रेमवर्क तैयार किया गया है।
**इन बिंदुओं पर करना है कार्रवाई :** अंकेक्षक के साथ बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के सहयोग से कार्ययोजना इस प्रकार तैयार की जाये कि ससमय अंकेक्षण कार्य संपन्न हो सके। कार्ययोजना की एक प्रति प्राधिकरण कार्यालय को भी भेजें। साथ ही, वर्ष 2015-16 से 2017-18 के अंकेक्षण प्रतिवेदन की प्रति और 2018-19 से 2020-21 तक मदवार प्राप्ति एवं व्यय से संबंधित विद्यालयवार प्रतिवेदन अंकेक्षकों को उपलब्ध करा दिया जाये। 15 जनवरी से अनिवार्य रूप से अंकेक्षण कार्य प्रारंभ किया जाये। सभी विद्यालय प्रधान को इसकी सूचना पूर्व में उपलब्ध करा दी जाये। **अंकेक्षण के लिए ये दस्तावेज जरूरी :** तीनों वित्तीय वर्ष के लिए अद्यतन पासबुक, तीनों वित्तीय वर्ष के लिए सुसंगत वाउचर, अद्यतन रोकड़ पंजी, दैनिक व्यय पंजी, छात्र उपस्थिति पंजी, आंकड़ा संग्रहण के लिए प्राप्ति एवं व्यय से संबंधित दो प्रपत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। दोनों प्रपत्र में तीनों वित्तीय वर्ष के लिए अलग-अलग आंकड़ा अंकित कर अंकेक्षण के लिए उपलब्ध रखा जायेगा। सत्यापन के बाद उसकी एक प्रति विद्यालय में सुरक्षित रखी जायेगी। अंकेक्षण की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा जिला स्तर पर की जायेगी। प्रपत्र में प्राधिकरण को इसकी सूचना दी जाएगी।

### राहत और बचाव ...

इस बैठक में गृह मंत्री को जानकारी दी गयी कि जिला प्रशासन प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के लिए भोजन, आश्रय और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था के साथ काम कर रहा है। **भूधंसाव की वजह से मकानों में पड़ी दरारें :** जोशीमठ में भूधंसाव की वजह से 720 से अधिक मकानों पर दरारें पड़ गयी हैं। इन सभी मकानों की पहचान की जा चुकी है। खतरा बन चुके दो बड़े होटलों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। इसी बीच अमित शाह ने मौजूदा स्थिति का जायजा लिया और बैठक में राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए ।**निर्माण परियोजनाओं को रोका गया :** भूधंसाव की घटना के बाद अधिकारियों ने इलाके में निर्माण परियोजनाओं को रोक दिया है। इसके अलावा अचानक पैदा हुई इस स्थिति के आंकलन के लिए सरकार ने एक समिति का गठन किया है। उत्तराखंड सरकार ने भी अधिकारियों को बुनियादी ढांचे का सर्वेक्षण और निराकरण शुरू करने का आदेश दिया है जो आसपास की इमारतों के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ के परिवारों के लिए 45 करोड़ रुपये के राहत पैकेज का भी ऐलान किया है। पीएम मोदी भी लगातार इस पर नजर बनाये हुए हैं।

